Chief Ministers was held in May 2001. In that conference it was decided to constitute a Standing Committee consisting of a number of Central Ministers in charge of Agriculture, Commerce and Industry, Finance, Consumer Affairs, Food and Public Distribution, Rural Development etc. The Standing Committee also included the Deputy Chairman of the Planning Commission and Chief Ministers of a number of States in order to review the list of essential commodities and control orders to ensure free movement of agricultural produce. This committee recommended to remove all the restrictions on the movement of agricultural commodities but desired that the Essential Commodities Act 1955 may continue till such time when controls and restrictions were possible to be totally eliminated.

Based on the recommendations of this Committee the present Government has introduced the Bill to relax controls on a number of commodities.

As a result of amendment in the Bill, commodities like coal, component parts and accessories of automobiles, cotton and woolen textiles, iron and steel including manufactured products of iron and steel, paper including newsprint, raw cotton etc will be omitted from the list of Essential Commodities.

However, a new section 2A (1) is being inserted in the Bill which lays down that drugs, fertilizers, food stuffs including edible oil seeds and oils, petroleum and petroleum products, seeds of cattle fodder etc shall remain as essential commodities for the purposes of this Act. Sir I agree with the Hon'ble Minister that these commodities should remain in the Essential Commodities list so that the Government can exercise appropriate control over their production, supply and distribution. The reason is that these commodities are very often adulterated thereby posing severe danger to the health of the people. Take just one example of drugs and foodstuffs. Very often we read in the newspapers how they are adulterated and spurious brands are sold to innocent people. It is therefore highly essential that such commodities which are of common use by the people should remain within the ambit of this Bill.

Sir, with these words I support the Bill and thank you for the time you have given to me and this august house for its attention.

**प्रो. चन्द्र कुमार (कांगड़ा):** इस सदन में आज जो यह बिल रखा गया है इसका मैं समर्थन करता हूं। यह बिल बड़े ठीक समय पर यहां रखा गया है। सभापति महोदय, आप भी स्टेंडिंग कमेटी के सदस्य थे और आपने इसका अध्ययन किया है और इसके बाद यह राज्य सभा में 21.8.2006 को भेजा गया। थोड़े से अमेंडमेंट के पश्चात, इसे वहां पारित करके आज इसकी चर्चा लोक सभा में की जा रही है। मैं माननीय कृाि मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि जो हमारा वाि 1955 का आवश्यक वस्तु अधिनियम है जिसमें प्रोडक्शन, सप्लाई और डिस्ट्रीब्यूशन है। जो चीजें हम पैदा करते हैं उन्हें आगे हम सप्लाई करते हैं और उनका आगे डिस्ट्रीब्यूशन करते हैं। इस बिल के द्वारा जो सैक्शन (3) है, इस एक्ट के द्वारा भारत सरकार और राज्य सरकारों को इसमें अधिकार दिया गया है कि वे अपने एक्ट को अमेंड करके जो रूल्स हैं उनको बनाकर, इसकी वितरण प्रणाली को सरल बनाने की कोशिश करें। सभापति महोदय, यह जो पावर्स हैं वह सैक्शन 5(बी) में नोटिफिकेशन की भारत सरकार को है और भारत सरकार कोई भी वस्तु इस बिल के द्वारा डाल सकती है और किसी भी आवश्यक वस्तु को बाहर निकाल सकती है, इसका प्रावधान इस एक्त में किया गया है। सैक्शन 2(ए) जो है, इस क्लॉज को बताती है कि कौनसी वस्तु आवश्यक है। वाि 2001 में चीफ मिनिस्टर्स की कांफ्रेंस हुई और उसमें 12 राज्यों के मुख्यमंत्री मिले और उन्होंने आवश्यक वस्तुओं के कंट्रोल को एंश्योर किया कि इनका फ्री मूवमेंट होना चाहिए। जब फूड जोन बने तो पंजाब का गेहूं हिमाचल प्रदेश में नहीं जा सकता था और यूपी के चावल दूसरे राज्यों में नहीं जा सकते थे। उस वक्त यह कहा गया कि जो भी चीजें हम पैदा करते हैं चाहे वे फूड आइटम्स हों, एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में आसानी से भेज सकते हैं और इनका आदान-प्रदान सैक्शन (सी) के तहत रखा गया और समय-समय पर भारत सरकार ने इसको रैगुलेट करने के लिए आर्डर भी किये। इस संदर्भ में सारे के सारे आर्डर समय-समय पर होते रहे। अक्टूबर 1972 में सैक्शन (3) पर उस वक्त रिस्ट्रक्शन लगाई गयी कि कोई ज्यादा स्टोरेज नहीं कर सकता है। सरकार ने यह भी कहा कि अगर राज्य सरकारों को इस एक्ट को इनएक्ट करना है तो केन्द्र से पर्मिशन लेनी पड़ेगी। इसी तरह से 13 मार्च 1973 को दुबारा पावर स्टेट्स को डेलीगेट कीं।[r51]

इसके तहत ऐक्ट को अमैंड करिए और समय-समय पर एक्ट द्वारा असैंशियल कमोडिटीज के ऊपर अपने कार्यक्रम चला सकते हैं। परन्तु 2002-03 में एनडीए के समय सैंट्रल गवर्नमेंट ने फैसला किया और 13 असैंशियल कमोडिटीज को निकाला और 2004 में 3 असैंशियल कमोडिटीज को भी उनमें से निकाला। उसका असर क्या हुआ? उसमें कहा गया कि The move by the previous NDA Government in 2002 to delete several categoeries of products from the essential items' list and nullify a large number of control orders issued under this law was based on wider political consensus that has been arrived at in the Standing Committee.

भारतीय जनता पार्टी के माननीय प्रोफेसर साहब कह रहे थे कि एनडीए की सरकार ने बहुत सारी असैंशियल कमोडिटीज को निकाला और उनका आदान-प्रदान फ्री कर दिया। उस वक्त क्या हुआ? भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोाणा पत्र निकाला और कहा कि जब हमारी सरकार सत्ता में आएगी तो हम इंसपैक्टर राज को खत्म करेंगे। उसका क्या असर हुआ? ऐक्ट के तहत जितने रूल्स और ऑर्डर्स बनाए गए थे, वे सारे के सारे भारत सरकार ने विदड्रा कर लिए। जो भी असैंशियल कमोडिटीज मार्किट में गईं चाहे उनकी सप्लाई ज्यादा थी लेकिन उनका डिस्ट्रीब्यूशन नहीं हुआ। कीमतें दिन-प्रतिदन बढ़ती गईं। अगर आज आप बाजाए जाएं चाहे उड़द या मसूर या चने की दाल ले लें, अगर 100 क्विंटल दाल चाहिए तो मार्किट में मिल जाएगी लेकिन उनकी कीमत 50-60 रुपए किलो देनी पड़ेगी। सप्लाई की कोई कमी नहीं है। हर चीज मुहैय्या है। लॉ में कोई ऐसा प्रॉविजन नहीं करना चाहिए जिससे उनको रोका जाए। मैं कृाि मंत्री को मुबारकवाद देना चाहता हूं कि वह समय पर अमैंडमैंट बिल 2006 लेकर आए हैं। यह ऐक्ट अमैंड करने के लिए कोई राज्य एप्लाई करेगा तो आप जल्दी से सैंक्शन देंगे। वे इस ऐक्ट के द्वारा अपने रूल्स फ्रेम करें। जो लोग जमाखोरी और कालाबाजारी करते हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और रिडंडैंट लॉ को रिवाइज किया जाए जिससे गरीब आदमी को किसी तरह की परेशानी न हो। बढ़ती हुई कीमतों को चैक किया जाए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

**श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर)** सभापति महोदय, कहने को कोई बात बाकी नहीं है लेकिन माननीय मंत्री जी ठंडे दिमाग से और अपने घर जाकर आदरणीय भाभी जी से पूछेंगे तो वह निश्चित रूप से यही कहेंगी कि इस सरकार के समय आम लोगों के लिए रोटी-दाल खाना भी मुश्किल हो गया है, दूसरी चीजें खाने की बात छोड़ दीजिए।

आप यह बिल लाए हैं। शायद आपकी मजबूरी होगी। मैं इस लोक सभा में छठी बार आया हूं। आदरणीय मंत्री जो रोजगार गारंटी बिल लाए थे, उनके सम्मुख भी मैंने इस बिल का विरोध किया था। आज दाल-रोटी खाना मुश्किल हो गया है। मैं दूसरी बातें न कह कर इतना कहूंगा कि आप यह बिल इस मंशा से लाए हैं कि लोगों को गेहूं, चावल और दैनिक उपयोग की वस्तुएं सस्ती मिल जाएं लेकिन इससे वह उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है।

आप गेहूं, चीनी, चावल, चना, उड़द की दाल, सरसों का तेल, वनस्पति तेल, नमक, चाय, दूध, आटा, आलू, प्याज और मूंगफली के तेल के मूल्यों की निगरानी  रखने के यह बिल लेकर आए हैं।[r52]

लेकिन मेरा कहना है कि गेहूं महंगा हो गया है, चीनी महंगी हो गई है और चने की दाल महंगी हो गई है। आज चावल के मामले में दिल्ली, भोपाल, मुम्बई, गुवाहाटी, जयपुर और पटना के मूल्यों में काफी वृद्धि पाई गई है। सरसों के तेल के संबंध में भोपाल, जयपुर, भुवनेश वर, गुवाहाटी और कोलकाता के मूल्यों में वृद्धि हुई है। वनस्पति तेल के मूल्य में आज पटना को छोड़कर सभी केंद्रों में वृद्धि हुई है। चाय के मूल्यों में दिल्ली और लखनऊ में वृद्धि हुई है। दूध के मूल्य में दिल्ली, लखनऊ, शिमला और बम्बई में वृद्धि हुई है। आलू के मूल्य में दिल्ली, लखनऊ, शिमला, भोपाल, जयपुर, अगरतला और कोलकाता में वृद्धि हुई है। नमक के मूल्य में लखनऊ, शिमला, गुवाहाटी और हैदराबाद में वृद्धि हुई है।

आप यह बिल लाएं हैं तो लोगों को सस्ता अनाज, घी, दूध, दाल और तेल मिलना चाहिए। आप इन पर नियंत्रण करेंगे तो मैं समझता हूं कि यह बिल ठीक मंशा से लाया माना जाएगा। लेकिन आज यह मंशा पूरी नहीं हुई है और लोग दुखी हैं। आज वामपंथी दलों ने कहा है कि वे आंदोलन करेंगे। ये आपके साथ हैं, आपके सहयोगी हैं। ये बाहर जाकर आंदोलन करके आपको बदनाम करना चाहते हैं, आप उनके बहकावे में न आएं। ये बाहर जाकर भारत मां की जय और इंकलाब जिंदाबाद करेंगे और आपके साथ बैठकर सारा काम आप पर डालना चाहते हैं। इसलिए कृपा करके ऐसा करें कि ये आंदोलन न करें। अगर फिर भी करते हैं, तो उनकी मर्जी है। आप जिस नाते इस बिल को लाए हैं और आपने पन्द्रह चीजों को इसमें जोड़ने का प्रयास किया है, आपने काफी चीज़ें घटा दी हैं, यह बात सही है लेकिन आप इस बिल में से काफी चीजों पर केंद्र, राज्य सरकार और संघशासित प्रदेशों का भी नियंत्रण घटाएं। आपने गेहूं का आयात किया है, यदि आप निश्चित रूप से इन लोगों को ठीक प्रकार से राहत देंगे, तब तो ठीक होगा। आप जिस नाते इस बिल को लाएं हैं और आपने क्या काम किया है, यह प्रश्न के उत्तर में है। आपने निगरानी के संबंध में दिया है कि 3920 छापे मारे गए, 1617 लोग गिरफ्तार हुए, अभियोजित व्यक्तियों की संख्या 10097 है, दोाी व्यक्तियों की संख्या 35 है और जब्त किए गए माल का मूल्य 679.1 है। इस तरह से 53 दोाी व्यक्तियों  पर कितने छापे मारे गए, इससे लोग परेशान हो गए। आप व्यापारियों को गलत शब्द न कहें, आप व्यापारियों को राहत देंगे तो निश्चित रूप से वे आपके साथ सहयोग करेंगे। यह कहना कि व्यापारी गलत हैं, मैं इस शब्द का विरोध करता हूं। इसे ठीक प्रकार से लाएं तो अच्छा होगा वरना आप जितनी मेहनत कर रहे हैं, और इस पर जो खर्च हो रहा है मैं समझता हूं कि इसका खर्च भी नहीं निकल पा रहा है। केवल 35 दोाी व्यक्तियों को सजा देने की बात कही गई है, यह संख्या 3920 है और छापे 1617 मारे गए हैं, आखिरकार इस बिल का उद्देश्य क्या है?

**सभापति महोदय** : आप कन्क्लूड कीजिए।

**श्री गिरधारी लाल भार्गव :** मैं आपकी मजबूरी समझता हूं। मुझे पार्टी में चौथा नंबर मिला है इसलिए मैं निवेदन करता हूं कि इस बिल को अच्छे ढंग से लाएं। हम भी चाहते हैं कि लोगों को आवश्यक वस्तुएं ठीक प्रकार से मिलें। आज कोई भी चीज सस्ती नहीं है। मैं समझता हूं कि हवा खाना भी एक प्रकार से महंगा हो गया है। आज चावल, दाल, घी, दूध के संबंध में लोगों को राहत मिले। भारतीय जनता पार्टी इन सब बातों के लिए आपके साथ है लेकिन व्यापारियों कोगलत शब्द कहने से नहीं काम होगा इसलिए आप व्यापारियों को भी राहत दें। आवश्यक वस्तु अधिनियम की आवश्यकता को आप महसूस करते हैं तब इस बिल को लाएं। मैं निवेदन करता हूं कि इसे ड्राफ्ट करें और वापिस ड्राफ्ट करके आवश्यक वस्तु अधिनियम को लाएं। आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

**डॉ. राजेश मिश्रा (वाराणसी):**सभापति महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का अवसर दिया है इसके लिए मैं आपका धन्य वाद करता हूं। मैं इस बिल के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। हिंदुस्तान एक ऐसा देश है जहां तमाम चीजें एक जगह पैदा होती हैं, दूसरी जगह पैदा नहीं होती हैं। पहले कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक तमाम वस्तुएं ऐसी थीं जो पहले एक प्रदेश में पैदा होती हैं और दूसरे प्रदेश में नहीं पहुंच पाती थीं, इसबिल के माध्यम से हर एक वस्तु कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक कहीं से कहीं ले जाई जा सकती है। मुझे लगता है कि जो तमाम दिक्कतें उपभोक्ताओं के सामने आया करती थीं, उन मुश्किलों से निजात मिल जाएगी।[r53]

इस बिल के माध्यम से सरकार ने आवश्यक वस्तुओं पर अधिकार प्राप्त किया है ताकि वह उन्हें अपने पास रख सके। वह इन्हें समय-समय पर हटा सकती है और प्रदेशों को भी इसका अधिकार दिया गया है। हमें लगता है कि इस बात की बहुत आवश्यकता थी। अभी सदन में माननीय सदस्य चर्चा कर रहे थे कि पिछले ढाई साल के समय में पूरा हिन्दुस्तान महंगाई से चिंतित हुआ है। चाहे वह सत्तापक्ष के सदस्य हों या विपक्ष के सदस्य हों, सब लोगों ने इसके बारे में समय-समय पर अपनी आवाज उठाई है। मैं कहना चाहूंगा कि इस बारे में एक बहुत बड़ी मुश्किल यह आती थी कि देश में जो बड़े-बड़े कारपोरेट हाउसेज हैं, उन लोगों ने अपने-अपने मॉल्स के माध्यम से सब्जी से लेकर दाल और तमाम तरह की चीजों को बेचना शुरू कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि जब तक सरकार आवश्यक वस्तुएं खरीद पाती, उसके पहले उन लोगों ने सारे बाजार से आवश्यक चीजें लेकर अपने लिए रख लीं। इसका नतीजा यह हुआ कि जब वे चीजें मार्केट में आईं तो वे अपने आप महंगी होती गईं और मार्केट में आती चली गईं। यह बात सही है और इसे सब लोगों ने माना है कि महंगाई से गरीब लोगों की मुश्किलें बढ़ी हैं। आज माननीय मंत्री जी स्वंय भी इन सब चीजों के प्रति सजग हैं। हम उनसे अनुरोध करना चाहते हैं कि आज सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि पूरे हिंदुस्तान के अंदर आवश्यक वस्तुओं की कीमतों का निर्धारण हो जाना चाहिए। इसके बाद जब किसानों से सरकार आवश्यक वस्तुएं लेती है, उसके बाद ही प्राइवेट सैक्टर में माल जाना चाहिए। पहले सरकार की डिमांड के हिसाब से जब उसके गोदाम भर जाएं, उसका स्टाक पूरा जाए, उसके बाद ही प्राइवेट सैक्टर और कारपोरेट हाउसेज के लोग उसे खरीदेंगे तो सरकार का उस पर ज्यादा नियंत्रण होगा। सरकार यह समझ सकती है कि पूरे देश के लिए इतनी मांग है और उसकी कीमत हमें तय करनी है, उतना सामान जब उनके पास हो जाए, उसकी पूरी मात्रा उनके पास हो जाए, उसके बाद प्राइवेट सैक्टर इन्हें खरीदेंगे। इससे सरकार का इन पर स्वाभाविक नियंत्रण हो जायेगा।

सभापति महोदय, अब कालाबाजारी की बात आती है। अभी माननीय सदस्य कालाबाजारी के बारे में चर्चा कर रहे थे, वह कह रहे थे कि व्यापारियों के यहां छापे पड़ते हैं और उन्हें ठीक तरह से सम्बोधित नहीं किया जाता। व्यापारियों को कोई गलत नहीं कहता है। हर व्यापारी गलत नहीं होता है। यह चीज हर व्यापारी के बारे में नहीं कही जा सकती है कि उसने गलत काम किया है। लेकिन यह भी देखा गया है कि कुछ व्यापारी जो पिछले वर्ों में कुछ राजनीतिक दलों के साथ सीधे जुड़े रहे हैं, उन लोगों ने पिछले ढाई-तीन सालों में ज्यादा से ज्यादा वस्तुओं को अपने पास रखा है, जिसके कारण कीमतें बढ़ी हैं। यह बात सही है और यह तमाम प्रदेशों में भी देखने को मिला है। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आप इन पर निश्चित रूप से निगाह रखें। अब यह अधिकार जब राज्यों के पास सुरक्षित है तो यह अधिकार भारत सरकार के पास भी होना चाहिए और इन अधिकारों का प्रयोग वहां जरूर हो, जहां कुछ राज्य सरकारों के बहुत से औद्योगिक घरानों से रिश्ते हैं और वे आज की तारीख में भी इस क्षेत्र में व्यापार करने के लिए प्रवेश कर रहे हैं। यदि केन्द्र सरकार के पास भी यह अधिकार रहता है...(व्यवधान)

**सभापति महोदय:**अब आप समाप्त कीजिए। पी.सी.थॉमस जी, आप बोलिये।

**श्री संतोा गंगवार :** सभापति महोदय, एक ... * को हत्या और अपहरण के मामले में तीस हजारी कोर्ट में दोाी करार दिया गया है और वह जेल चले गये हैं...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** सदन नियमों से संचालित होता है। किसी भी समय आप कोई भी सवाल नहीं उठा सकते हैं। आप नोटिस दे दीजिए, नियमों के तहत स्पीकर साहब उसे देखेंगे।

...(व्यवधान)

**डॉ. राजेश मिश्रा :** मैं अंत में कहना चाहता हूं कि क्या सरकार सक्षम हो पायेगी कि वह आवश्यक वस्तुओं के दामों को रोक सके। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

…(व्यवधान)

**सभापति महोदय:** आप नियमों के तहत नोटिस दे दें। Shri P.C. Thomas will speak now.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except the speech of Shri P.C. Thomas.

*(Interruptions) …* *

---

* Not recorded

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): Mr. Chairman, Sir, I support this Bill which is intended for further strengthening the Essential Commodities Act by way of giving more powers to the Government to include essential commodities into the Schedule or delete some of them from it.

Sir, a lot of discussion has taken place in this House about the way in which the price rise is directly affecting the people due to lack of proper distribution of essential commodities. I am not going into the details of those things now because of the paucity of time. I would just directly mention only one or two aspects here.

Sir, LPG is something for which we all had the coupon system earlier. But of late, it was not felt necessary because it was abundantly available. Now, it has become very difficult to get LPG in some States like Kerala where it is not at all available because some of the distributors are indulging in hoarding it or they are distributing it to others who are not directly entitled to get it or it is not available due to lack of proper distribution and this is affecting the common people to a great extent. I think in many other States also this affects the common people very much.

Secondly, I would like to mention one or two aspects regarding my State where the use of Essential Commodities Act is very much needed because Kerala is a consumer State and where the statutory rationing is in vogue. Therefore, allocation of food grains becomes very important for a State like Kerala. When the Essential Commodities Act is being strengthened, I would urge upon the Government to look into the matter as to how the BPL families are defined in some States. In Kerala the position is that all the food grains have to come from other States. There is almost 85 per cent deficit and therefore the reduction in the allocation of food grains affects the people very much. For example, allocation of wheat to Kerala has been substantially reduced and the allocation from June, 2006 to March, 2007 has come down from about 46,000 metric tonnes to about 19,000 metric tonnes. So, this matter needs to be looked into by the hon. Minister. The Government of Kerala has been representing to the Central Government about this for quite long and Members of Parliament from Kerala also have been representing to the Central Government.

Then, kerosene is used by fishermen in a large way in many States. We have a long coast line which is a big treasure. But the fishermen are now finding it difficult to get kerosene. They are using kerosene in their fishing boat engines and kerosene distribution is now very seriously affected. The allocation of kerosene to Kerala has been substantially reduced now.

Lastly, I would like to submit that when the Essential Commodities Act is being strengthened, it is important to look at the way in which all the essential commodities are made available for distribution. Though the distribution is directly done by State Governments, the essential commodities have to come from the Central Pool. For example, sometimes the availability of food grains in the Food Corporation of India is 'zero' and that affects further allocation because the allocation is done on the basis of past offtake.

I would like to conclude now due to paucity of time, but I urge upon the hon. Minister to look into these matters and take appropriate decisions.

**श्री सुरेश प्रभाकर प्रभु (राजापुर) :** सभापति जी, मैं अति संक्षेप में 3-4 बातें कहना चाहूंगा । आजकल जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है और हर चीजों के दाम बढ़ रहे हैं, उसे रोकने के लिये सरकार की तरफ से जो कदम उठाये गये हैं, उनसे महंगाई में कमी होनी चाहिये, इसमें कोई दो राय नहीं हैं। जो भी कदम उठाये जाने की जरूरत हो, सरकार द्वारा उठाये जाने चाहिये. लेकिन मेरा सवाल यह है कि क्या इस विधेयक के लाने से महंगाई पर रोक लग जायेगी? यदि सरकार सही मायने में कदम उठा सके तो अच्छा हो क्योंकि ऐसा ही कानून इस देश में कई सालों से निरंतर चला आ रहा है। लेकिन उसके बाद भी महंगाई में वृद्धि होती रही है। इसलिये यह सोचकर नहीं चलना चाहिये कि ऐसा विधेयक लाने से कल महंगाई में कमी हो जायेगी।

दूसरी बात यह है कि जैसा हम देखते आ रहे हैं, जब भी हमारी सरकार अधिकारियों को पावर देती है, उसका गलत इस्तेमाल होता है, उससे रिश्वतखोरी बढ़ जाती है। ऐसा नहीं कि केवल महंगाई में वृद्धि हुई हो बल्कि रिश्वतखोरी में भी वृद्धि हो रही है। सरकार द्वारा इस प्रकार के कदम उठाये जाने के लिये सोचने की जरूरत है। हम देखते हैं कि लोगों को खाद्य पदार्थ खरीदने में काफी परेशानी होती है। उधर किसान जो उत्पाद करते हैं, उसे बेचते हैं और वही उसकी आमदनी का जरिया है। इसके अलावा आज देश में किसान आत्महत्या कर रहे हैं क्योंकि उसे उसके उत्पाद का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। अगर उसके उत्पाद के मूल्यों में बढ़ोतरी कर दी जाये तो उससे किसानों को लाभ होगा, यह सोचकर हमें चलना होगा।

सभापति महोदय, अंतिम बात यह है कि सरकार 6 महीने तक नोटिफिकेशन जारी करेगी, यदि 6 महीने के बाद सरकार को लगे कि नोटिफिकेशन जरूरी है तो जारी रहेगा । मैं चाहता हूं कि यदि इस तरह का नोटिफिकेशन जारी रखना है तो उसके लिये संसद को विश्वास में लेने की जरूरत है।

SHRI S. MALLIKARJUNIAH (TUMKUR): I welcome the Amendment Bill. Although the Bill was passed by the Parliament a few years ago yet it needs some amendment. The prices fixed by the fair price shops are very low, and the poor people should be supplied grains free of cost. There are two types of prices, in the fair price shops namely (i) Rs.3/- per kg & (ii) Rs.6/- per kg for very poor people. They should be supplied food grains at a very nominal price instead of supplying them free of cost.

The essential commodities like dal and oil are sold at higher rate. The quantity of rice and dal per ration card should be increased to a certain level and should be supplied at a very low price cost.

At least one person should be given work and nobody should be allowed to die without food and water. Further, he should be given the opportunity to work and lead a comfortable life in this poor county.

I wish everybody should lead a happy life in this poor country. Kerosene oil, food grains and sugar are not supplied by all the fair price shops in the country. The Government should see to it that all the fair price shops supply these commodities without fail.

---

*The speech was laid on the Table.

**कृाि मंत्री तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री शरद पवार) :** सभापति महोदय, मुझे इस बात की खुशी है कि इस महत्वपूर्ण विधेयक पर इस सदन के दोनों ओर के सदस्यों ने बहुत ही अच्छेसुझाव दिये हैं। इसके पीछे जो बेसिक प्रिंसिपल है, विचार है, उसे स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है। यह बात सच है कि हमारे कई साथियों ने इस विधेयक को राजनैतिक दृटि से देखने का प्रयास किया है। कई सदस्यों ने इस बात को भी बतलाया कि एन.डी.ए. सरकार की गलती थी और कई सदस्यों ने आजकल की सरकार के बारे में भी कहा कि उसकी गलती है। लेकिन इस विधेयक में जो सुधार लाया गया है, वह सहमति से लाया गया है।

सभापति जी, 2001 में भूतपूर्व प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की एक मीटिंग हुई थी। उस मीटिंग में न केवल बी.जे.पी. द्वारा प्रशासित राज्य़ों के मुख्यमंत्री. थे बल्कि कांग्रेस द्वारा प्रशासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी थे या कई मुख्यमंत्रियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया था। उन सब की सहमति से एक सिलैक्टिव डिसीजन था जिसे आज इस सदन के माध्यम से यहां लाया गया है। केवल यह नहीं कि मुख्यमत्रियों की मीटिंग में डिटैल्ड डिसकशन हुई बल्कि यह बात भी सच है कि वह अधूरी रही। मगर उस कांफ्रेंस में एक बात तय हुई थी कि एक स्टैंडिंग कमेटी अपाइंट करने की जरूरत है जिसमें भारत सरकार के कृाि, कामर्स एंड इंडस्ट्री, फाइनेंस, कंज्यूमर्स अफेयर्स और पी.डी.एस., रूरल डेवलेपमेंट मंत्रालयों के मिनिस्टर्स और प्लानिंग कमीशन के डिप्टी चेयरमैन शामिल हों। उनके साथ साथ राज्य सरकार के जो प्रतिनिधि हैं, इनमें Chief Ministers of the States of Andhra Pradesh, Karnataka, Orissa, Assam, Uttar Pradesh, Punjab, Madhya Pradesh, Haryana, West Bengal, Kerala and Maharashtra भी सदस्य रहेंगे। इसमें सभी की अपनी विचारधारा थी। सभी की विचारधारा से यह बात तय हुई कि आज हिन्दुस्तान में किसान की पैदावार को जो जगह जगह पर रोकने की बात होती है और मार्केट में जो सुधार होता है, उसका लाभ किसानों को नहीं मिलता है। किसानों की इस परिस्थिति में सुधार लाना होगा। इंटर स्टेट मूवमैंट में जितनी रैस्ट्रिक्शंस हैं, उनको दूर करने की आवश्यकता है। दूसरी बात यह तय हुई कि ऐसैन्शियल कमोडिटीज़ एक्ट की शुरुआत 1950 में हुई, यह बात सच है। मगर इसकी शुरुआत ब्रिटिश राज में दूसरे विश्व युद्ध के समय हुई जब देश में कई चीजों की कमी हो गई थी। इसकी लिस्ट राज्य सरकार और भारत सरकार दोनों की मिलाकर थी जिसमें 200 से ज्यादा आइटम्स थीं, जिनको कंट्रोल करने का प्रयास होता था। एक जमाने में लेवी इंट्रोड्यूस की गई थी पीडीएस में और कुछ रैस्ट्रिक्शंस भी लगाए गए थे। इसमें सुधार करने की आवश्यकता है। यह सहमति स्टैन्डिंग कमेटी में हुई और इसके बाद जो आइटम्स इसमें थे, उनमें से कुछ आइटम्स को डिलीट करने की बात तय हुई। वे कौन से आइटम्स थे? कैटल फॉडर को एक

ज़माने में ऐसैन्शियल कमोडिटीज़ में रखने की आवश्यकता थी जब सूखा था मगर आज वह परिस्थिति देश में नहीं है। Coal including coke and other items. आज इसकी आवश्यकता नहीं है। Components, parts and accessories of the automobile - एक ज़माने में शायद इसकी आवश्यकता हो। आज हिन्दुस्तान शायद दुनिया का सबसे बड़ा आटोमोबाइल मैनुफैक्चरिंग सैन्टर बन रहा है। दुनिया की कई कंपनियां हिन्दुस्तान में आकर अपने आटोमोबाइल प्लांट्स लगा रही हैं और भारत की नहीं बल्कि दुनिया के स्पेयर्स की डिमांड को पूरा करने की ताकत भारत में पैदा हो रही है। पहले इसके ऊपर ऐसैन्शियल कमोडिटीज़ एक्ट में रैस्ट्रिक्शन थी, उसको बाहर निकालने की आवश्यकता थी। आज हिन्दुस्तान आइरन और स्टील एक्सपोर्ट करने वाला देश बन गया है। इसलिए इसकी आवश्यकता भी इस लिस्ट में नहीं थी। पेपर न्यूज़प्रिंट की भी आवश्यकता नहीं थी। रॉ कॉटन की भी आवश्यकता नहीं थी। इस साल हमारे पास कपास का इतना अधिक उत्पादन है कि हमें समस्या आ रही है कि अंतर्राट्रीय बाज़ार में किस तरह से अपने माल को बेचें जिससे किसानों को ठीक दाम दे सकें। इसलिए इन आइटम्स को ऐसैन्शियल कमोडिटीज़ से निकालने की आवश्यकता थी और वह निकालने का काम किया गया। जो आइटम्स आम जनता के लिए महत्वपूर्ण हैं, खेती के लिए महत्वपूर्ण हैं, उनको जारी रखने का सुझाव इसमें दिया गया है, जिनमें ड्रग्ज़, खाद, फूडस्टफ, एडिबल आइल्स, हैंकयार्न, पैट्रोल और पैट्रोलियम प्रोडक्ट्स जिसमें एल.पी.जी. आती है, कैरोसीन आता है, रॉ जूट और जूट टैक्सटाइल आता है, seeds of the food crop, seeds of the fruits and vegetables भी शामिल हैं। [MSOffice54]

सभापति जी, एक माननीय सदस्य ने यहां सवाल किया कि इसमें फ्रूट और वेजीटेबल को रखने की क्या आवश्यकता है? मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि फ्रूट और वेजीटेबल का इनक्लूजन नहीं हुआ है, बल्कि सीड ऑफ फ्रूट्स एवं सीड ऑफ वेजीटेबल्स को इन्क्लूड किया गया है। इसमें सीड ऑफ दि कैटल फॉडर है। सीड ऑफ दि जूट को इसमें स्वीकार किया गया है।

महोदय, सदन में मुझसे सवाल पूछा गया कि इसमें फर्टीलाइजर की क्या आवश्यकता है? Fertilizer is retained because of the price notified and controlled by the Government, and it involves huge subsidy to meet the gaps between actual production, import price and control price. It is pertinent that Fertilizer Control Order, 1957 had been issued under the Essential Commodities Act.

इस समय फर्टीलाइजर की अनुपलब्धता की समस्या पूरे देश में है। आज यह सवाल सदन में कई बार उठाया गया है । हम बड़े पैमाने पर यूरिया और डी.ए.पी. का इम्पोर्ट कर रहे हैं। इनके उत्पादन में जो कमियां आई हैं, उनका फायदा उठाने की कोशिश किसी को भी नहीं करने दी जाएगी। इस सीजन में बहुत अच्छी वाा हुई। बहुत बड़े पैमाने पर सोइंग ऑपरेशन शुरू हुआ और बड़े पैमाने पर सोइंग ऑपरेशन कंपलीट भी हो रहा है। ऐसे समय में यदि खाद समय पर नहीं पहुंचेगी, तो इसका बुरा असर कृाि उत्पादन पर होगा। इसलिए फर्टीलाइजर को इसमें शामिल करने की आवश्यकता है।

**17.57 hrs.** (Mr. Dy. Speaker in the Chair)

उपाध्यक्ष महोदय, दूसरी समस्या उठाई गई कि जूट टैक्सटाइल को असेंश्यल कमोडिटीज में रखने की क्या आवश्यकता है। Raw jute and jute textiles are retained for the mandatory use of the jute bag and price fixation to protect jute workers and jute growers. कई सालों से इस देश में एक डिमांड आती रही है कि जूट बैग का कंपल्शन मत करो। बिहार, असम और वेस्ट बंगाल में जूट एक महत्वपूर्ण फसल है और उसके ऊपर आधारित जूट के कारखाने हैं। उनमें लाखों लोग काम करते हैं। यदि जूट बैग का कंपल्शन न किया जाए, तो उनकी रोजी-रोटी की समस्या देश के सामने आ सकती है। इसलिए चाहे चीनी हो या अनाज, उन्हें जूट बैग में ही पैक कर के भेजे जाने का कंपल्शन टैक्सटाइल मिनिस्टर के माध्यम से बाई आर्डर किया गया है और यदि इसे कंटीन्यू करना हो, तो ऐसेंश्यल कमोडिटीज एक्ट में स्वीकार करने की आवश्यकता है।

Now, I come to seed of the food crop. This item is retained for licensing of the dealers, for the regulation of the quality seed and to ensure equitable distribution. The Minister of Agriculture is regularly monitoring with the State Government to ensure the availability of seed to the farmers at the time of sowing.

जब तक राज्य सरकारों को सीड पर कुछ नियंत्रण करने का अधिकार नहीं दिया जाएगा, तब तक किसानों को राहत नहीं दी जा सकती है। उसके ऊपर अमल करने का काम राज्य सरकारों के ही माध्यम से हो सकेगा। इसलिए इसे इसके अन्तर्गत रखा गया है। Hank yarn, the wholly made from cotton, has been retained to facilitate the supply of hank yarn to the

handloom sector. आज देश में हैंडलूम सैक्टर में काम करने वाली बड़ी आबादी है और उन्हें सूत मिलना दिन पर दिन गम्भीर समस्या बनता जा रहा है।

Sir, I think, you have to extend the time of the House.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I request that the time of the House may kindly be extended till the reply is over.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Is it the pleasure of the House to extend the time till the reply of the Minister and this item is over?

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes, Sir.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The time of the House is extended till this item is over.

Mr. Minister, you can continue your speech.

**श्री शरद पवार :** पॉवरलूम और हैंडलूम सैक्टर में काम करने वाले बहुत से कारीगर हैं। उन्हें ठीक प्रकार से सूत सप्लाई करने के लिए कुछ कदम उठाने की आवश्यकता है। आज जितनी स्पीनिंग मिल्स हैं उनके ऊपर इस कानून के आधार पर कंपल्शन है। इसमें से कुछ सूत हैंडलूम के लिए रिजर्व रखने का काम होना चाहिए।[r55]

**18.00 hrs.**

टैक्सटाइल कमिश्नर द्वारा इसका बंटवारा सभी हैण्डलूम सैक्टर में किया जाना चाहिए। यह नहीं करेंगे तो लाखों लोगों को काम नहीं मिलेगा, सूत नहीं मिलेगा। घरेलू उद्योग इस देश में बहुत महत्वपूर्ण काम करते हैं। उन पर भी इसका बुरा असर हो सकता है।

महोदय, यहां राज्य सरकारों के अधिकार के बारे में कहा गया। इसके अलावा इसमें यदि कोई सुधार करना हो तो राज्य सरकार को विश्वास में लेने का इसमें कोई प्रबन्ध नहीं है। जब हम यह प्रपोजल राज्य सभा में लेकर आए थे, उस समय स्थिति यही थी और मैं इसे स्वीकार करता हूं। लेकिन राज्य सभा में सैक्शन 2 (ए) एमेन्ड किया गया ताकि एसैन्शियल कमोडिटी की लिस्ट में अगर सुधार करना हो, परिवर्तन करना हो या हटाना हो तो राज्य सरकार से कंसल्ट करने की जिम्मेदारी भारत सरकार की है। With the consultation of the State, ultimately the decision will be taken.

दूसरी बात यह है कि कुछ आइटम छोड़ने के बाद भी देश में उनकी कमी हो जाती है। जिसका असर देश के आम लोगों पर होता है। सदन में गेहूं, दालें, चीनी और खाद्य तेल की बात कही गई है। सदन में दो-तीन दिन बाद इस बारे में चर्चा होने वाली है, तब इस पर मैं अपनी बात रखूंगा। यदि इस तरह की परिस्थिति देश में पैदा होती है और एक आइटम को जोड़ने की जरूरत समाज को लगती है या सरकार को लगती है कि इनकी कमी हो रही है तो सरकार को इसके लिए अधिकार होना चाहिए। जो आइटम सरकार जोड़ती है, वह किस वजह से एसैन्शियल कमोडिटी में जोड़ा गया है, इसका एक्सप्लैनेशन भी सरकार देगी। The Government has to provide reasons to the country that these are the reasons due to which we are adding such and such items. It would again be with the consultation of the State. इसलिए जो अधिकार इसमें दिए गए हैं, उसे भारत सरकार ने अपने अधिकार में लिया है। इसमें लोगों को विश्वास में लेने का प्रावधान है और राज्य सरकारों से विचार विमर्श करने का प्रावधान है। इस तरह से कई चीजों के ट्रैड रैस्ट्रिक्शन पर भी इसमें ध्यान दिया गया है। साथ ही साथ आम आदमी की हालत गम्भीर न हो, इस पर भी ध्यान दिया गया है। यदि परिस्थिति गम्भीर होती है तो कुछ कदम उठाने की आवश्यकता होती है।

महोदय, सदन में एसैन्शियल कमोडिटीज़ की कीमत बढ़ने की बात कही गई है। मैं कहना चाहता हूं कि इनकी कीमत बढ़ने के बाद राज्य सरकारों को कालाबाजारी को रोकने का अधिकार दिया गया है। इस बारे में राज्य सरकारों ने कुछ कदम उठाए हैं। मेरे पास जो जानकारी है, उसके मुताबिक वा 2005 में राज्य सरकारों ने पूरे देश में 85,429 रेड्स की थीं और 4440 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उसमें से 2444 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था और कुछ मुकदमों का निर्णय आया है, जिसमें 39 लोगों को सजा हुई थी। सितम्बर, 2006 तक 89194 जगहों पर रेड्स की गई थीं, जिसमें 1302 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उनमें से 2062 लोगों पर

मुकदमा दर्ज किया गया और अभी तक 125 लोगों को सजा हुई है। इस तरह से राज्य सरकारों पर कालाबाजारी को रोकने के संबंध में जो कदम उठाने की जिम्मेदारी है, वे उसे ठीक तरह से कर रही हैं।

महोदय, गेहूं की कमी की बात बार-बार उठाई जा रही है। यह बात सच है कि हमारे देश में गेहूं के स्टॉक की परिस्थिति ठीक नहीं थी। गेहूं के उत्पादन पर कुछ असर हुआ था, जो ट्रेड रिपोर्ट है, मार्केट रिपोर्ट है, इनके माध्यम से इस देश में 68 मिलियन टन गेहूं का उत्पादन पिछले साल देश में हुआ था। मेरे मंत्रालय को राज्य सरकार के माध्यम से वहां के कृ्षि आयुक्त के माध्यम से, प्रोडक्शन कमिश्नर के माध्यम से जो रिपोर्ट प्र ााप्त हुई है, उनका यह कहना है कि 69.59 मिलियन टन उत्पादन हुआ। प्रिक्यूरमेंट 15 मिलियन टन के आसपास करने की आवश्यकता थी, हम लोगों का प्रिक्यूरमेंट इस साल 9 लाख टन के आसपास हो गया। यह पहला साल था, जब किसानों के ऊपर कम्पलशन नहीं था कि उन्हें मंडी में आकर ही माल बेचने की आवश्यकता है। इससे पहले एग्रीकल्चर प्रोड्यूस मार्केट एक्ट के माध्यम से किसानों के ऊपर यह बंधन था कि उन्हें अपनी पैदावार रैगुलेशन मार्केट में ही लाकर बेचने की आवश्यकता है। इस देश में सभी को अपनी पैदावारी देश में कहीं भी बेचने के लिए अधिकार है। लेकिन यह अधिकार किसान को नहीं था और यह किसान को जो अधिकार नहीं था, किसान को यह अधिकार देने के लिए देश के सभी मुख्यमंत्रियों की मीटिंग लेकर इसमें तय हो गया कि ए.पी.एम.सी. एक्ट में सुधार करें और देश में किसानों को अपनी पैदावारी जहां उनको ठीक कीमत मिलेगी, वहां बेचने का अधिकार होना चाहिए, यह डिसीजन पुरानी सरकार के जमाने में लिया गया। नई सरकार आने के बाद फिर देश के कृ्षिमंत्रियों की मीटिंग बुलाई गई और उसमें यह डिसीजन दोहराया गया और दोहराने के बाद देश के 22 राज्यों ने एग्रीकल्चर प्रोड्यूस मार्केट एक्ट में सुधार किया और किसानों को कहीं भी अपना माल बेचने का अधिकार दे दिया। पहली बार पंजाब या हरियाणा में जो कम्पलशन था कि अपना गेहूं मंडी में रैगुलेशन मार्केट में थ्रू आढ़तिया फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया को बेचना चाहिए, यह कम्पलशन इस साल नहीं था। इसलिए भले ही 650 रुपये कीमत सरकार ने तय की होगी तो और लोगों ने उनको 660-670 रुपये दे दिये और कुछ न कुछ प्रोड्यूस, उपज अन्य लोगों को भी इस बार मिल गई।

सदन के सामने अभी यह बताया गया कि आप इस तरह से कदम उठाइये कि पहले फूड कारपोरेशन ऑफ इंडिया पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम की सरकार की जिम्मेदारी तक प्रिक्यूरमेंट जब तक नहीं होता, तब तक बाकी लोगों को आप मौका मत दीजिए। इसमें पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम की जो जिम्मेदारी सरकार की है, उसे मैं नजरअंदाज नहीं कर सकता हूं, इसमें कम्प्रोमाइज़ नहीं कर सकता, पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन की जिम्मेदारी सरकार को लेनी ही पड़ेगी। उसके लिए अगर इस देश में माल नहीं है तो दुनिया से माल लाकर लोगों की भूख की समस्या हल करनी ही होगी, इसमें कोई दो राय नहीं हैं। मगर यह कहां तक ठीक है कि पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन के लिए हमें प्रि ाक्यूरमेंट करना है और हम जब तक प्रिक्यूरमेंट करेंगे, तब तक किसानों को दूसरे को बेचने हम अधिकार नहीं देंगे और हम जो कीमत तय करेंगे, उस कीमत से भले ही किसानों के हितों की रक्षा होती हो या नहीं होती हो, भले ही उनको वह पसन्द हो या पसन्द नहीं हो, मगर उन्हें उस कीमत पर ही हमें माल बेचना चाहिए, यह बंधन किसानों पर कहां तक लाना चाहिए, यह सोचने की आज आवश्यकता है। इस देश में जो प्रभु जी ने कहा कि देश का किसान आत्महत्या के रास्ते पर जा रहा है, लोग आत्महत्या के रास्ते पर जाते हैं, इसकी मार्केट में जब हम लोगों ने इन्क्वायरी की तो इसमें जो कई रीजंस हैं, उनमें से एक उनको ठीक तरह से कीमत नहीं मिलती, यह भी एक समस्या है, इसको हम नजरअंदाज नहीं कर सकते।

जहां तक गेहूं की बात है, हमारे उत्तर प्रदेश के एक साथी ने गेहूं की समस्या उठाई है। आज हिन्दुस्तान में गेहूं कहां पैदा होता है, एक नम्बर पंजाब, दो नम्बर यू.पी., तीन नम्बर हरियाणा, चार नम्बर मध्य प्रदेश, पांच नम्बर राजस्थान और 6 नम्बर गुजरात का है। बाकी बिहार में थोड़ा होता है, महाराट्र में थोड़ा होता है, बंगाल में थोड़ा होता है, मगर आज तक हमेशा प्रिक्यूरमेंट हम लोगों ने पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के वैस्टर्न यू.पी. इलाके से हमेशा की है।[R56]

उत्तर प्रदेश सरकार की शिकायत रही है कि हमें ठीक तरह से गेहूं नहीं मिल रहा है। पंजाब के बाद लास्ट ईयर सबसे ज्यादा गेहूं का क्षेत्र उत्तर प्रदेश में था। वहां गेहूं का व्यापक क्षेत्र था और उत्पादन भी हुआ था, मगर प्रोक्योरमेंट की जिम्मेदारी वहां की सरकार ने ली और पूरे राज्य में टोटल प्रोक्योरमेंट केवल पचास हजार टन किया। मध्य प्रदेश ने दो हजार टन का प्रोक्योरमेंट किया। राजस्थान में प्र ोक्योरमेंट नहीं हुआ। बाकी राज्यों ने इस मामले में सहयोग नहीं दिया और देश की पूरी जिम्मेदारी सिर्फ पंजाब और हरियाणा ने ली। वहां के किसानों को अगर हम ठीक तरह से कीमत नहीं देंगे और यही नीति लेकर हम आगे जाएंगे, तो कभी न कभी पंजाब का किसान भी हमसे पूछेगा और अगर वह पूछेगा, तो हमें जवाब देना पड़ेगा। इसलिए इसमें सुधार की आवश्यकता है और इसमें सुधार करना पड़ेगा।

इस साल मिनिमम सपोर्ट प्राइज का जो निर्णय भारत सरकार ने लिया, इसमें सुधार करने की बात भारत सरकार ने की है। जहां तक इंपोर्ट हुआ और जो कुछ हुआ, हमें उसका गैप पूरा करना है। प्रोक्योरमेंट कम होने के बाद जो गैप होता है, उसे पूरा नहीं करेंगे, तो पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन के लिए क्या कर सकते थे? इसके अलावा कोई चारा नहीं था। आप इस चीज को नहीं भूल सकते।

एक सुझाव यह दिया गया कि आपने प्रोक्योर करने के बाद, जब मार्केट में माल था, तो आपने ज्यादा कीमत देकर क्यों नहीं खरीदा, आप बाहर से क्यों लाए? यह बात सच है कि हम खरीद सकते थे। अगर हम वह पचास लाख टन खरीदते, तो आज जो कीमत ओपन मार्केट में है, वह और ऊपर चली जाती, क्योंकि एवैलेबिलिटी सबसे बड़ी समस्या है। आज यह परिस्थिति क्यों पैदा हो गयी

है? हमारा बफर स्टाक का नार्म जो चार मिलियन था, वह पहले चार नहीं, दो मिलियन ही था। इससे मार्केट रेट ऊपर गए, किसानों को पैदावारी बेचने का अधिकार मिला और इसका लाभ किसानों ने कुछ पैमाने पर ले लिया और पंजाब और हरियाणा के किसानों ने ऐसी परिस्थिति में भी नौ मिलियन टन का जो प्रोक्योरमेंट सरकार और देश को दिया, हम इसे नजरंदाज नहीं कर सकते। यह पंजाब और हरियाणा के किसानों की सेक्रीफाइज है। इसलिए आज जिस नीति पर हम आगे जा रहे हैं, इसमें कुछ न कुछ सुधार करने की आ वश्यकता है। किसानों को हमें ठीक कीमत देनी पड़ेगी। हमें यह भी सोचना पड़ेगा कि पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन में जो सेंट्रल इश्यू प्राइज हैं, जो सन् 2000 में थे, वही आज भी है। आज से छः साल पहले के सेलिंग प्राइज में बढ़ोत्तरी अभी तक नहीं हुयी है। यह कब तक चलेगा? यह बात सही है कि आम गरीब लोगों की समस्या को दूर करने के लिए सरकार को जिम्मेदारी लेनी पड़ती है और सरकार को इसकी जिम्मेदारी अवश्य लेनी चाहिए। मगर छः साल में एक पैसे की भी वृद्धि, आप जो गेहूं लोगों को देते हैं, उसमें नहीं करेंगे, तो इसका असर किसानों के लिए जो कीमत तय होती है, उस पर भी होता है। क्योंकि जब पच्चीस हजार करोड़ रूपए की सब्सिडी होती है, तो पच्चीस हजार करोड़ की सब्सिडी की फीगर सामने आने के बाद हमेशा बात आती है कि आप प्रोक्योरमेंट प्राइज कम करें, नहीं तो सब्सिडी ज्यादा बढ़ जाएगी, इसलिए हमें इसको बैलेंस करने की आवश्यकता है। किसानों के हितों की भी रक्षा करनी है, साथ ही साथ समाज का जो अति गरीब वर्ग है और बीपीएल वर्ग है, इसके हितों की भी रक्षा करने की आवश्यकता है। मगर एबव पावर्टी लाइन की जो क्लास है, उन्हें भी कई सालों तक हम उसी रेट पर गेहूं देंगे और ऐसी नीति अपनायेंगे, तो मैं समझता हूं कि इसका असर देश के ओवर आल प्रोडक्शन पर ठीक नहीं होगा। इसलिए हमें इसके बारे में गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है।

आज जो सदन के सामने सुझाव लाए गए हैं, ये इश्यूज उसमें नहीं हैं, मगर सदन के सामने इश्यूज रेज किए गए, इसलिए मैंने इसके बारे में कुछ कहने का एक मौका ले लिया।[v57]

मैं सदन के सभी सदस्यों का आभारी हूं क्योंकि असैंशियल कमोडिटीज़ एक्ट में जिस परिवर्तन की आवश्यकता है और उसके पीछे जो प्रिंसिपल है, उसे सबने स्वीकार किया है। लोग उसका गलत फायदा न लें, इस ओर हमारा ध्यान रहेगा। व्यापारियों को हमेशा गलत कहना हमें मंजूर नहीं है, लेकिन जो लोग ब्लैकमार्किटिंग, होर्डिंग और जमाखोरी करते हैं, उनके विरुद्ध कदम उठाने की आवश्यकता है और उसका अधिकार इस बिल में है। सारी ट्रेडर कम्युनिटी इस रास्ते पर जा रही है, मुझे लगता है कि यह कहना जस्टिस की बात नहीं है। गलत को गलत कहना चाहिए। गलत कार्य करने वाले लोगों पर कंट्रोल रखना चाहिए और उसके लिए राज्य सरकारों को अधिकार होने चाहिए। सभी वस्तुओं के लिए उस अधिकार की आवश्यकता नहीं है बल्कि आम जनता की जरूरत की चीजों के लिए अधिकार देने की आ वश्यकता है। इस सीमित उद्देश्य को सामने रखकर सदन के सामने सुधार लाया गया है। मुझे विश्वास है कि सदन इसे स्वीकार करेगा।

SHRI PRABODH PANDA (MIDNAPORE): Sir, I must thank the hon. Minister that he has replied to most of the questions which were raised by the hon. Members, but one question is left out and that is about the provision that the commodity has to be notified for a short period not exceeding six months. Why is it ‘six months’? The period of notification is mentioned as only for six months. Why should such limitation not be deleted?

SHRI SURESH PRABHAKAR PRABHU (RAJAPUR): Sir, in fact, this is a correct provision because if you want to exceed it beyond six months, the shortage of essential commodity will be there permanently, and if you have got to believe that, then there will be a problem. We must believe that the shortage of essential commodities is temporary and that is why, temporary measures are required. If we think that there is a permanent shortage and that can be solved by a measure like this, then we are actually partially addressing the problem. Therefore, I think, this should be there.

Then, I come to the second point which I had raised. I hope, the Minister will respond. If you are extending it beyond six months, then you must take the House into confidence because actually you cannot abrogate the power of the Legislature to legislate, without getting Legislature’s sanction.

SHRI SHARAD PAWAR: Here, the reply has been given by Shri Suresh Prabhu only. If the situation is such and there is a shortage and if the loot of the common people is there, then there is no choice for the

Government but to include a particular item. This is obligatory on the part of the Government to give explanation as to why we are including this.

Secondly, we have kept this period of six months. If the situation does not change and if the situation so requires, there is power also with the Government to extend this period. So, I do not think that there will be any problem. Simultaneously, it is our desire to see that it should not be the permanent situation. Today or tomorrow, we have to resolve that issue, we have to become self-sufficient, if possible, and we want to remove this type of provisions where unnecessarily too much powers have been given to some local level officials as sometimes, it gets misused also.

Regarding the second issue which has been raised by Shri Prabhu regarding why the Parliament's sanction is not necessary, I would say that when the question comes of including or excluding any item, the important thing is the State Government. Ultimately, the State Government is directly dealing the Public Distribution System. That agency or that authority is directly handling this type of issues with masses. That is why, consultation with the State Government has been included. Originally, the provision was not there, but this amendment came from the Opposition side and it was accepted by the Government. We do not want to take unilateral powers with the Government of India. We want to take powers after prior consultation with the State Government.  It is an obligation on the Government of India to give explanation as to why we are doing this. If I have to go to the Parliament every time and if there is a crisis, then it will be difficult to go to the Parliament every time. Therefore, whatever provision is there, that is enough. … (*Interruptions*)

SHRI SURESH PRABHAKAR PRABHU : I am not saying this, but you must inform the Parliament as soon as it is done. I am only saying that you should inform the Parliament about it.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is :

> "That the Bill further to amend the Essential Commodities Act, 1955, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House shall now take up clause by clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clauses 2 to 6 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clauses 2 to 6 were added to the Bill.*

*The Schedule, Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI SHARAD PAWAR : I beg to move :

"That the Bill be passed."

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

*The motion was adopted.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet tomorrow, the 29th November, 2006 at 11 a.m.

**18.21 hrs.**

# The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

*on Wednesday, November 29, 2006 / Agrahayana 8, 1928 (Saka).*

--------------

[r1]cd.. by b1

c [v2]d by c1.e

cd by d [MSOffice3]

[MSOffice4] Fd by e1

Fd by H [r5]

[R6]cd. by j

cd by k1

Cd by m

[r8]

[s9]cd. by n

[R10](Cd. by p1)

Bhardwaj ctd [r11]

Ctd by q [r12]

cd. by r

[R13]

fd by s1.e [v14]

contd by t1.e [r15]conted by rt1.e

[MSOffice16]ctd. by u1

[s17]fld by W

cd.. by x1 [r18]

[r19]Cd by y1.e

Cd by z1 [r20]

[r21]Cd by a2

cd. by ‘c2’ [R22]

Contd. By e2.e [R23]

[MSOffice24]cd. by f2

(Cd. by Shri Kiren

Rijiju)

Followed by G2 [MSOffice26]

[a27]cd. by h2.e

[R28]Fld by j2

[R29](Cd. by k2)

[H30]Fld. By m2.

cd. by n2 [R31]

Fd by O2 [r32]

[MSOffice33]ctd. by p2

[MSOffice34]fld by q2

Cd by u2 [r35]

Fd by [r36] x2

cd. by 'y2' [R37]

[R38]fd by z2

Followed by A3 [MSOffice39]

Fd. By b3.e

Fd by E3 [r41]

[r42]Fd. By f3

cd. by g3

[R43]

[r44]contd by h3.e

[MSOffice45]ctd. by j3

cd by l3 [MSOffice46]

Cd by o3 [r47]

[r48]cd by p3

[R49]cd. by s3

Contd. By t3.e [R50]

Cd by U3 [r51]

[r52]Cd by w3

Ced by x3 [r53]

cd by b [MSOffice54]4

(Cd.by c4)

[r55]

cd. by e4 [R56]

cd by f4.h

[v57]